प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 09.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को दी स्वीकृति।

2– कल से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी–कोरबा जिले के गेवरा स्थित एसईसीएल की कोयला खदान का दौरा कर श्रमिकों से चर्चा करेंगे।

3– मुख्यमंत्री ने नये आपराधिक कानून के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए–गृह विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

4– नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की जाएगी।

**समाचार विस्तार से .....**

## पीएम कृषि सिंचाई योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने किसानों से जुड़ी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का आरंभिक परिव्यय एक हजार छह सौ करोड़ रुपये है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे किसानों को प्रति बूंद अधिक फसल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी और अठहत्तर परियोजनाओं में अस्सी हजार किसानों को शामिल किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निर्दिष्ट क्लस्टर में सिंचाई के पानी की आपूर्ति के लिए सिंचाई जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है।

## पीएम–वेव्स शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, केन्द्र सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

## मुख्यमंत्री–गृह विभाग समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में गृह विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने नये आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाए, जिनमें केस स्टडी और मॉक ट्रायल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अपराध अनुसंधान प्रणाली को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक और प्रमाणिक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रकरणों में केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि सटीक और पुख्ता साक्ष्य के आधार पर विवेचना की जाए, ताकि अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती को देखते हुए साइबर सेल को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और जनता को साइबर जागरूकता से जोड़ने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

**<u>हाईकोर्ट–सीजीपीएससी</u>**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी घोटाला मामले में शशांक गोयल की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है।

आज इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश बी.डी. गुरु ने की। इससे पहले, शशांक गोयल ने सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में भी जमानत के लिए आवेदन किया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

गौरतलब है कि सीजीपीएससी द्वारा वर्ष दो हजार बीस से बाईस के बीच आयोजित परीक्षा और इंटरव्यू में वीआईपी और उनके रिश्तेदारों के चयन पर गंभीर सवाल उठे थे। इस मामले में सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, बजरंग पावर के निदेशक श्रवण कुमार गोयल और डिप्टी कंट्रोलर एग्जाम ललित गणवीर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**<u>केंद्रीय मंत्री–छत्तीसगढ़</u>**

केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी कल दस अप्रैल से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान श्री रेड्डी कल कोरबा जिले के गेवरा स्थित एसईसीएल की कोयला खदान की समीक्षा करेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एक बिलियन टन कोयला उत्पादन की उपलब्धि हासिल करने वाले खनन पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों और श्रमिकों के साथ बातचीत करेंगे। श्री रेड्डी खनन क्षेत्र के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात करेंगे।

**<u>हाईकोर्ट–निर्देश</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आज बिजली कंपनी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी को याचिकाकर्ताओं को बांड नंबर देने और तीन महीने के भीतर जूनियर इंजीनियर के पद पर पदोन्नति आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी द्वारा कनिष्ठ अभियंता पद के लिए वर्ष दो हजार बाईस में विभागीय परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में शामिल हुए कोरबा संभाग के लाईन परिचारक दिनेश कुमार चंद्रा ने याचिका दायर की थी।

**<u>हाईकोर्ट–सड़क सुरक्षा</u>**

सड़कों पर अतिक्रमण और मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच में आज इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य शासन से कहा कि सड़क सुरक्षा के मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। राज्य शासन को ठोस कार्ययोजना के साथ जवाब देना होगा। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता वाय.एस. ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि सड़कों पर मवेशियों को नियंत्रित करने और सड़क सुरक्षा को लेकर बनाई जा रही एसओपी का ड्राफ्ट अंतिम चरण में है।

## आईईडी विस्फोट–जवान घायल

बीजापुर जिले में आज आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को इलाज के लिए बीजापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान कोड़ेपाल नाला के पास माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में विस्फोट हो गया। घटना के बाद इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

## एमिटी विवि–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एमिटी विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने अट्ठारह मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, पंद्रह को रजत और छह को कांस्य पदक प्रदान किए। समारोह में वर्ष दो हजार चौबीस बैच के छह सौ साठ विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के वैज्ञानिक डॉक्टर वी.के दास और उद्योगपति एस.एन स्वामी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि सहित सोलह विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे नवाचार के बारे में सोचें और उसे अपनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को व्यवसाय नहीं बनाना चाहिए, बल्कि यह जीवन की उन्नति का मार्ग है। इस अवसर पर श्री डेका ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

## भाजपा बैठक

रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज निगम, मंडल और आयोग के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय सहित वरिष्ठ नेता और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## दुर्ग–एसआईटी गठन

बीते छह अप्रैल को दुर्ग में छह साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने आठ सदस्यीय विशेष जांच टीम–एसआईटी का गठन कर दिया है। यह टीम घटना के हर बिंदुओं की जांच कर साक्ष्य के आधार पर अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपेगी, जिसकी सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। इस मामले में पुलिस ने अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में कल से पोषण पखवाड़े की शुरूआत हो गई है। पहले दिन साइकिल और बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान पोषण रथ को भी रवाना किया गया। पखवाड़े के तहत सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को कुपोषण से मुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है। महिला और बाल विकास विभाग आयोजित यह पखवाड़ा बाईस अप्रैल तक मनाया जाएगा।

## तीरंदाजी अकादमी

नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग दस एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। खेल और युवा कल्याण विभाग को यह भूमि नब्बे वर्षों की लीज पर प्रदान की जाएगी। इस अकादमी में आउटडोर और वातानुकूलित इंडोर तीरंदाजी रेंज, हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर और छात्रावास जैसे निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। यह अकादमी देश के युवा तीरंदाजों के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभरेगा।

**<u>कोयला कारोबारी हत्या–जांच</u>**

कोरबा जिले के साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल की सरायपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में पिछले दिनों कोयला कारोबारी रोहित जायसवाल की हत्या के मामले में गठित कांग्रेस की जांच टीम आज सरायपाली पहुंची और विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। प्रदेश काग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक फूल सिंह राठिया को कमेटी का संयोजक बनाया है।

**<u>मौसम</u>**

**<u>और अब पेश है मौसम का हाल–</u>**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

इस बीच, खैरागढ़ में आज तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, कबीरधाम जिले में भी दोपहर बाद बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

– राज्यपाल और कुलाधिपति रमेन डेका ने प्रोफेसर डॉक्टर लवली शर्मा को खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। डॉक्टर शर्मा वर्तमान में दयालबाग शैक्षणिक संस्थान आगरा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत् हैं।

– भिलाई नगर निगम में वर्ष दो हजार अट्ठारह से लंबित सेवानिवृत्त और दिवंगत अधिकारियों–कर्मचारियों की ग्रेच्युटी का भुगतान कर दिया गया है।

– सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के मल्दाखार में ईंट से भरे ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य मजदूर घायल हो गए हैं।

– इसी जिले के चंद्रपुर में ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

– प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ग्यारह अप्रैल को पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>